आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 05.03.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- टिहरी झील महोत्सव का कल से आगाज़, तीन दिन तक होंगे सांस्कृतिक और साहसिक कार्यक्रम
- भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ–डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास उत्तराखंड के चौबटिया में पूरे जोश के साथ जारी है।
- टी–20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा।
- पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में पिछले दो सत्रों में बिकवाली के बाद आज तेजी का रुख जारी।

झील महोत्सव

टिहरी जिले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल से टिहरी झील महोत्सव का शुभारंभ होगा। तीन दिन तक चलने वाला यह महोत्सव नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, साहसिक और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छह से आठ मार्च तक आवागमन के लिए विशेष रूट चार्ट जारी किया है।

जारी रूट चार्ट में विभिन्न मार्गों पर वाहनों की उपलब्धता के केंद्र, बसों की संख्या, संबंधित संपर्क कर्मियों तथा नोडल अधिकारियों के नाम और उनके मोबाइल नंबर शामिल किए गए हैं। इसमें नरेंद्रनगर, भिलंगना, थौलधार–चंबा, जौनपुर, जाखणीधार, कीर्तिनगर और प्रतापनगर विकासखंडों सहित जिला मुख्यालय से जुड़े मार्गों को शामिल किया गया है।

मुनीकरेती नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने आमजन और पर्यटकों से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

भारत–जापान अभ्यास

भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ–डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास उत्तराखंड के चौबटिया में पूरे जोश के साथ जारी है।

इस अभ्यास में दोनों देशों के 120–120 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। जापान की ओर से जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की 32वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट और भारत की ओर से भारतीय सेना की लद्दाख स्काउट्स के सैनिक भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास बारी–बारी से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

अभ्यास का उद्देश्य अर्ध–शहरी वातावरण में संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए सैन्य सहयोग और आपसी समन्वय को बढ़ाना है। अभ्यास के दौरान सैनिक उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना प्रक्रियाओं और सामरिक अभ्यासों के समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस संयुक्त अभ्यास में आधुनिक तकनीक के उपयोग, अंतर–संचालनीयता बढ़ाने और समकालीन सैन्य संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभ्यास के दौरान अस्थायी परिचालन आधार की स्थापना, खुफिया–निगरानी और टोही ग्रिड का विकास, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, शत्रुतापूर्ण वातावरण में घेराबंदी और तलाशी अभियान, हेलीकॉप्टर आधारित अभियान तथा हाउस इंटरवेंशन ड्रिल जैसी सामरिक गतिविधियों का अभ्यास किया जा रहा है।

पश्चिमी एशिया तनाव

पश्चिमी एशिया में जारी हालात के बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने या टिकट रद्द करने पर पूरा रिफंड लेने की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा इस वर्ष 28 फरवरी या उससे पहले की गई सभी कन्फर्म बुकिंग्स पर लागू होगी। पश्चिम एशिया, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप आने–जाने वाली उड़ानों के लिए यह सुविधा, इस महीने की 10 तारीख तक की यात्रा के लिए मान्य रहेगी। एयर इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि वह स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एयर इंडिया ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी के लिए एयरलाइन की आधिकारिक बेवसाइट airindia.com देखें या किसी भी सहायता के लिए एयर इंडिया के 24×7 संपर्क केंद्र से संपर्क करें।

होली

रंगों का पर्व होली कल प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में चमोली जिले के गोपेश्वर स्थित प्राचीन गोपीनाथ मंदिर में अनोखी और ऐतिहासिक होली अथवा छलड़ी का आयोजन किया गया। ढोल–दमाऊं की थाप और पारंपरिक होली गीतों के बीच रंग–गुलाल उड़ता रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

गोपेश्वर की यह होली धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला के दौरान भगवान शिव स्वयं गोपेश्वर में पधारे थे। तभी से इस स्थान पर विशेष होली का आयोजन होता आ रहा है। वर्षों पुरानी इस परंपरा को आज भी स्थानीय ग्रामीण श्रद्धा और उत्साह के साथ निभा रहे हैं।

टी–20 विश्व कप

टी–20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे शुरू होगा। दोनों टीमें सेमीफाइनल में लगातार तीसरी बार आमने–सामने होंगी। इससे पहले वर्ष 2022 और 2024 में भी दोनों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले हुए थे, जिनमें एक–एक जीत दोनों टीमों को मिली थी। पेश है एक रिपोर्ट–––

भारत की टीम छठी बार टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम वर्ष 2007, 2014, 2016, 2022 और 2024 में अंतिम चार में जगह बना चुकी है। इनमें से भारत ने तीन सेमीफाइनल जीते हैं।

इंग्लैंड की टीम भी छठी बार सेमीफाइनल खेल रही है। इससे पहले वह वर्ष 2010, 2016, 2021, 2022 और 2024 में इस चरण तक पहुंच चुकी है और तीन बार फाइनल में स्थान बनाया है। टी–20 विश्व कप में भारत और इंग्लैंड के बीच यह छठा मुकाबला होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 29 टी–20 मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 17 और इंग्लैंड ने 12 मैच जीते हैं। टी–20 विश्व कप में खेले गए पांच मुकाबलों में भारत ने तीन और इंग्लैंड ने दो मैच जीते हैं। इस टी–20 विश्व कप में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात मैचों में 231 रन बनाए हैं, जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84 रन रहा है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने सात मैचों में 12 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

शेयर बाजार

घरेलू शेयर बाजार में आज तेजी का रुख देखा जा रहा है। कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई। हालांकि, बाजार खुलने के कुछ देर बाद बिकवाली का दबाव बनने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई।

हालांकि, दोनों सूचकांकों के लाल निशान में पहुंचने से पहले ही बाजार में रिकवरी देखने को मिली। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण घरेलू बाजार में पिछले दो सत्रों में भारी बिकवाली दर्ज की गई थी, जिससे निवेशकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

पीएम मुद्रा योजना

केंद्र सरकार ने पीएम मुद्रा योजना के अन्तर्गत आठ सौ 60 रुपये के अनुबंध शुल्क पर सात लाख रुपये का ऋण देने का दावा करने वाले फर्जी स्वीकृति पत्र का खंडन किया है।

पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि यह पत्र फर्जी है। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि पुनर्वित्त एजेंसी सीधे जनता या छोटे उद्यमियों को ऋण नहीं देती है।

इसके बजाय, मुद्रा राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, लघु वित्त संस्थानों, लघु वित्त बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है जो सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के लिए ऋण प्रदान करते हैं।